प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के मन्दिरों में स्वच्छता अभियान का आयोजन

पंतनगर। 20 जनवरी 2024। विश्वविद्यालय में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में परिसर के अन्दर स्थित पंच मंदिर, लालबाग, शिव मंदिर नगला डेयरी एवं अन्य मन्दिरों के प्रांगण में भी साफ–सफाई कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान ने बताया कि इसका उद्देश्य मन्दिर से मन तक, शरीर से वाणी तक, व्यवहार से कर्म तक सबको शुद्ध बनाना है और इस अभियान को हर घर तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले श्रीरामचन्द्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रसन्ता व्यक्त की एवं सभी को शुभकामनाएं दी। इस सफाई अभियान के सफल आयोजन में निदेशक, निर्माण एवं संयंत्र डा. अभिषेक तोमर तथा उपनिदेशक डा. सुनील सिंह, प्रेमपाल सिंह, दिवाकर, आर.डी. यादव, हरीश जुकरिया, टी.एस. बिष्ट, जी.एस. पटवाल और सफाई विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कर वातावरण की शुद्धता पर भी जोर दिया।

मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार